# बाड़मेर में अधिकारियों की अगुवाई में विशेष सफाई अभियान

**बाड़मेर**,(नि.सं.)। जिला मुख्यालय पर शुक्रवार को वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान एवं नवो बाड़मेर के तहत प्रमुख नालों की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान जेसीबी एवं अन्य संसाधनों के जरिए नालों से कचरा निकाला गया।

बाड़मेर जिला मुख्यालय पर जिला कलक्टर टीना डाबी के निर्देशानुसार माइनिंग इंजीनियर वेदप्रकाश एवं अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी स्वरूप शर्मा के निर्देशन में कृषि मंडी से सिणधरी चौराहा, बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक पुखराज सहारण एवं राजस्व अधिकारी जीतेन्द्र पारस के निर्देशन में जिला कलक्टर आवास से न्यिाायक कॉलोनी, कोषाधिकारी जसराज चौहान एवं नगर परिषद सचिव अभिषेक शर्मा के निर्देशन में कलेक्ट्रेट से मल्लीनाथ सर्किल तक मुख्य नालों की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया गया।

इस दौरान नगर परिषद के संसाधनों के साथ सफाई कर्मचारियों के सहयोग से नालों से कचरे की निकासी करवाई गई। इनमें से कुछ नालों की काफी लंबे समय बाद सफाई की गई। इन नालों की सफाई होने से बारिश के दौरान जल भराव की स्थिति पैदा नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि जिला कलक्टर टीना डाबी के निर्देशानुसार बाड़मेर शहर में प्रमुख नालों एवं मुख्य सड़क मार्गों की सफाई के लिए प्रशासनिक अधिकारियों एवं स्वयंसेवी संगठनों, संस्थाओं, नागरिकों के सहयोग से 7 जुलाई तक विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

शनिवार को नेहरू नगर पुलिया से सिणधरी चौराहा तक बाड़मेर तहसीलदार हुकमीचंद एवं उप जिला शिक्षा अधिकारी लेराराम के निर्देशन में संत निरंकारी एवं नेहरू नगर फाटक से पुलिया तक सहायक निदेशक महेश कुमावत के निर्देशन में एसडब्ल्यूएमएल के सहयोग से सफाई अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान नगर परिषद को समुचित संसाधन मुहैया करवाने के निर्देश दिए गए है।

## जलदाय विभाग का श्रमदान एवं स्वच्छता कार्य

जल संरक्षण एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'वंदे गंगा, जल संरक्षण जन अभियान' के अंतर्गत जलदाय विभाग बाड़मेर के अधिकारियों एवं कार्मिकों की ओर से श्रमदान कर विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया गया।

अधीक्षण अभियंता हजारी राम बालवा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम के तहत अधीक्षण अभियंता कार्यालय सहित नगर खण्ड, राइजेप खण्ड, दक्षिण खण्ड, चौहटन खण्ड के अधिशासी अभियंताओं तथा अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। अभियान के दौरान जिले के विभिन्न उपखंड कार्यालयों में जल नमूनों की जांच, पंप हाउस की सफाई, परिसर एवं उच्च जलाशयों की सफाई के कार्य सम्पादित किए गए। इसके अतिरिक्त बाड़मेर शहर सहित चौहटन, धनाऊ, सेड़वा, धोरीमन्ना, ठाामीण द्वितीय, गुड़ामालानी, ठाामीण प्रथम, रामसर, फागलिया, शिव, भियाड़, गडरारोड, आर एंड डी, रामजी का गोल, राणीगांव, निम्बला, महाबार, गडरारोड़ प्रथम, सिंहानिया, भाटाला व पीकेडी में हैड वर्क्स पर पंप हाउस एवं पूरे कैम्पस की सफाई का कार्य भी सम्पन्न कराया गया।इसके साथ ही कई हैड वर्क्स पर जल नमूनों की गुणवत्ता जांच भी की गई ताकि स्वच्छ एवं सुरक्षित जलापूर्ति सुनिश्चित की जा सके। अधीक्षण अभियंता बालवा ने बताया कि वंदे गंगा, जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत आगामी दिनों में भी विभाग की ओर से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। ताकि जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाई जा सके।

# सफाई से बदल रही जल स्त्रोतों की तस्वीर

**पाली**, (नि.सं.)। जिला कलेक्टर एल.एन. मंत्री के निर्देशन में एवं प्रशिक्षु आईएएस बिरजू चौधरी के मार्गदर्शन से वंदे गंगा अभियान के अन्तर्गत नगर निगम पाली द्वारा झालरवा बावड़ी एवं सिरेघाट बावड़ी की सफाई करायी गयी।

आयुक्त नवीन भारद्वाज ने बताया कि दोनों बावड़ियों के साथ-साथ लाखोटिया तालाब के सिरेघाट एवं जल के अन्दर से भारी मात्रा में प्लास्टिक, बोतल, कॉच, ध्वाजा, नरीयल मटका, कुल्हड आदि सामठाी निकाली गयी है।

आयुक्त ने आमजन से अपील की है कि आमजन धार्मिक भावना से पूजन सामग्री एवं तस्वीरों का विसर्जन बावड़ियो एवं तालाबों में करता है, परन्तु वास्तव में इससें ठहरा हुआ जल प्रदुषित होता है तथा जलीय जीवों की मौत भी होती है। गुरूवार रात्रि को सिरेघाट पर दीपदान, गंगा आरती का आयोजन करते हुए 5 वाल्मिकी कन्याओं का गंगा माता के स्वरूप में पूजन भी आयुक्त नवीन भारद्वाज ने किया। आई. ए.एस.प्रशिक्षु बिरजु चौधरी द्वारा आमजन को शपथ दिलवाई कि लाखोटिया तालाब में पूजन सामठाी व कचरा नहीं डाले।

# मां आईनाथ गौशाला से टीकाकरण अभियान शुरू

**बालोतरा**, (नि.सं.)। पशुधन के स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को पशुपालन विभाग द्वारा वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत मां आईनाथ गौशाला से एक विशेष पशु टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अधिकारियों और गौशाला प्रबंधन द्वारा पौधारोपण भी किया गया, जिसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया गया।

पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. मदन गिरी ने बताया कि इस टीकाकरण अभियान का मुख्य लक्ष्य गोवंश और अन्य पशुधन को विभिन्न संक्रामक बीमारियों से बचाना है, जिससे पशुपालकों को होने वाले आर्थिक नुकसान को कम किया जा सके और पशुधन स्वास्थ्य में सुधार हो। अभियान के तहत गौशाला में मौजूद पशुओं को खुरपका-मुंहपका, रूसेलोसिस एवं अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव के टीके लगाए गए। अधिकारियों ने पशुपालकों से अपील की कि वे अपने पशुधन का नियमित रूप से टीकाकरण करवाएं। टीकाकरण अभियान के शुभारंभ के साथ ही गौशाला परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। पशुपालन विभाग के अधिकारियों, गौशाला प्रबंधन और स्थानीय स्वयंसेवकों ने मिलकर विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। इस दौरान, उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और पेड़-पौधों के महत्व पर जोर दिया। पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. मदन गिरी ने बताया कि पेड़-पौधे न केवल पर्यावरण को स्वच्छ रखते हैं बल्कि पशुओं के लिए छाया और चारा भी प्रदान करते हैं। उन्होंने गौशालाओं और पशुपालकों से अपने आसपास अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आ ान किया। इस दौरान गौशाला परिसर में आये पशुपालकों के साथ एक विभागीय गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। डॉ. हेमंत कुमार, डॉ. नीतू आर्य एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों के साथ गौशाला प्रतिनिधि करनाराम प्रजापत एवं सांगाराम प्रजापत ने अपनी सेवाएं दी।

## जल विभाग ने जी.एल.आर. साफ किया, शपथ ली

वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत बालोतरा जिले में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता और क्रियान्वयन को बढ़ावा देने के लिए शुक्रवार को जल विभाग ने पहल करते हुए जिले में स्थित अपने ग्राउन्ड लेवल रिजर्वायर को साफ करने का कार्य किया और साथ ही जल संग्रहण की शपथ दिलाकर आमजन को जल बचत का सशक्त संदेश दिया।


**कार्यालय संयुक्त निदेशक कृषि (वि.) जि.प. जालोर**
Email ID :- ddagr_jal@rediffmail.com Phone No. 02973-222242

क्रमांक - एफ ( ) / संयुनिकृ / निविदा / 2025-26/ 1467-74 दिनांक :-12 /06/2025

**::- खुली निविदा सूचना ::-**

जिले में प्रत्येक पंचायत स्तर पर एक दिवसीय कृषक महिला प्रशिक्षण कार्यक्रम में निविदा अनुसार अल्पाहार व्यवस्था की जानी है । अतः इच्छूक पंजीकृत फर्मे / आपूर्तिकर्ता / विक्रेता अपनी निविदा निम्नानुसार दिनांक व समय पर कार्यालय समय में निर्धारित निविदा प्रपत्र प्राप्त कर बन्द लिफाफों में प्रस्तुत करे ।

| क्र. सं | नाम कार्य / सामग्री | अनुमानित मूल्य | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम दिनांक व समय | निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक व समय | निविदा खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अल्पाहार व्यवस्था | रु 540000/- | 19.06.2025 11:00 AM | 19.06.2025 02:00 PM | 20.06.2025 11:00 AM |

विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है । UBN No. -AGR2526SSOB00117

(रामलाल जाट)
संयुक्त निदेशक कृषि (वि.)
जि.प. जालोर


# लोगों ने दुर्ग की दीवार गिरने का अंदेशा जताया

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। विश्व विख्यात जैसलमेर दुर्ग की दीवार से नगरपरिषद द्वारा छेड़छाड़ करवाई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 869 वर्ष पूर्व बने दुर्ग की पहली प्रोल के समीप दीवार की नीव के बड़े बड़े पत्थर निकाल दिए गए है जिससे कोई समय भी बड़ा हादसा होने के आसार लग रहे हैं।

11 जून को इस सम्बंध में आयुक्त नगरपरिषद लजपालसिंह सोढा से हुई बातचीत का जिक्र करते हुए समाचार लगे एवं भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के प्रवीणसिंह की ओर से उक्त दीवार का कार्य शीघ्र बंद करवाने का नोटिस नगरपरिषद को देने की बात कही जिसकी कार्यवाही होगी।

शहर के वरिष्ठ नागरिक पुरुषोत्तमदास ने बताया कि नगरपरिषद दुर्ग की दीवार की नीव के साथ नुक़सान पहुंचाने वाली छेडछाड करवा रही है । नींव के पत्थर बीच बीच में निकले हुए हैं कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है कार्य लक्ष्मीनाथ मंदिर जाने वाले मुख्य मार्ग पर हो रहा है।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के प्रवीणसिंह ने शुक्रवार को बताया कि विभाग द्वारा कार्य बंद करने का नोटिस दिया जा चुका है, शीघ्र कार्य बंद हो जाएगा।

# मुख्यमंत्री ने जयप्रकाश के परिजनों को बंधाया ढांढस

**बाड़मेर**,(नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वाले धोरीमन्ना के बोर चारणान निवासी स्व. जयप्रकाश के परिजनों से शुक्रवार को दूरभाष पर बात कर संवेदना व्यक्त की और परिजनों को ढांढस बंधाया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर बाड़मेर जिला कलक्टर टीना डाबी और पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह मीना ने स्व. जयप्रकाश के घर जाकर संवेदना व्यक्त की और परिजनों को ढांढस बंधाया। कलक्टर और पुलिस अधीक्षक ने परिजनों की मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से दूरभाष पर बात करवाई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे में दिवंगत के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परिजनों को आश्वस्त किया कि दुःख की इस घड़ी में राज्य सरकार परिजनों के साथ है। डॉ. जयप्रकाश पुत्र धर्माराम जाट निवासी बोर चारणान अहमदाबाद में रहकर एमबीबीएस द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रहे थे जिनका 12 जून को अहमदाबाद विमान हादसे में निधन हो गया था। एसडीएम भागीरथ विश्नोई, समाजसेवी अनंतराम विश्नोई, भंवार सुजाराम खींचड़, भागीरथ कड़वासरा, पी.सी. पूनिया, ओम प्रकाश मांजू ने भी सांत्वना प्रदान की।

# राजस्व मामलों का त्वरित निस्तारण करें : डॉ.गावंडे

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व संबंधी मामलों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक के दौरान जिला कलैक्टर ने राजस्व अधिकारियों को जिले से संबंधित राजस्व प्रकरणों का उच्च प्राथमिकता के साथ त्वरित रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आर.ओ.डब्ल्यू पोर्टल पर प्राप्त प्रकरण संबंधी, भारतमाला परियोजना 754 (अमृतसर-कांडला मार्ग), राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 325 के लिए भूमि अवाप्ति एवं अवार्ड वितरण प्रकरण संबंधी, नामांतकरण निस्तारण, धारा 251-ए के तहत रास्तों के प्रकरण, पंजीयन आय, ऑनलाइन सीमाज्ञान, सीमांकन एवं पत्थरगढ़ी के प्रकरणों सहित विभिन्न राजस्व संबंधित मामलों में तहसीलवार प्रगति देखी तथा तय समयसीमा में उक्त प्रकरणों के निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिला कलैक्टर ने लोकायुक्त कार्यालय से संबंधित प्रकरण, एल.आर. एक्ट के अंतर्गत वसूली प्रकरणों एवं लाइट्स के संबंध में समीक्षा करते हुए उपखंड अधिकारियों एवं तहसीलदारों को संबंधित प्रकरणों के निस्तारण संबंधी दिशा-निर्देश दिए। जिला कलैक्टर ने अधिकारियों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत संबंधित क्षेत्र के पटवारी से समन्वय स्थापित करते हुए फार्मर रजिस्ट्री के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को मुख्यमंत्री सहायता कोष के प्रकरणों के अंतर्गत दुर्घटना मामलों में संवेदनशीलता बरतते हुए तत्काल रूप से सहायता प्रदान करने की बात कही तथा मुख्यमंत्री जनसुनवाई के दौरान प्रस्तुत होने वाले प्रकरणों का त्वरित रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला कलैक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर प्राप्त आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि वे ग्राम एवं ब्लॉक स्तर पर अटल जन सेवा शिविर के तहत आयोजित होने वाली जनसुनवाई के दौरान आम जन से प्राप्त होने वाली परिवेदनाओं का भी गुणवत्तापूर्ण समाधान करें।

इस अवसर अतिरिक्त जिला कलैक्टर जालोर राजेश मेवाड़ा, अतिरिक्त जिला कलक्टर सांचौर दौलतराम चौधरी, उपखंड अधिकारी भीनमाल मोहित कासनिया, उपखंड अधिकारी जालोर मनोज सहित राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध कब्जे हटाने की मांग

**रेवदर**, (निसं)। अनुसूचित जन जाति के गुलाबगंज निवासी असमालराम भील ने उपखंड अधिकारी रेवदर नरेन्द्र जांगिड को आमरण अनशन की चेतावनी देते हुए लिखित पत्र सौपा।

ज्ञापन में बताया की तहसीलदार एक दिन में बिना जांच एन ए और रजिस्ट्रीयाँ कर रही है और गरीब लोगो के हक और अधिकार दिलाने बिल्कुल रुचि नहीं है, सौर ऊर्जा के नाम पर सैकडो फाइल और एससी एसटी के संपरिवर्तन और रजिस्ट्री कर दी, असमालाराम ने बताया की में एक गरीब व्यक्ति हूँ और मेरे कृषि भूमि पर एक सामंतवादी सोच के व्यक्ति ने कई वर्षो से कब्जा कर खेती कर परिलाभ प्राप्त कर रहा है वही में कई वर्षो से तहसील के चक्कर निकाल रहा हूँ, वही फैसले के समय तहसीलदार ने फाइल को ठंडे बस्ते में डाल दिया, तहसीलदार पर लगातार आरोप लग रहे है, वही असमालराम ने पूरे परिवार के साथ सात दिन में न्याय नहीं मिला तो तहसील कार्यालय के बाहर आमरण अनशन किया जाएगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी तहसीलदार की रहेंगी, इस पर असमालराम भील, कानाराम भील, राजू भील उपस्थित रहे।

# प्रान्त स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन

**पाली**, (नि.सं.)। विश्व हिन्दू परिषद जोधपुर प्रान्त द्वारा आयोजित प्रान्त स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग के बौद्धिक सत्र में विहिप केंद्रीय मंत्री रासबिहारी न डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार व माधव सदाशिव गोलवलकर के जीवन चरित्र, राष्ट्रीय चिंतन, संघ स्थापना व विस्तार, संगठन कौशल और कार्यकर्ता निर्माण पर मार्गदर्शन दिया।


उन्होंने बताया कि हेडगेवार ने राष्ट्रीय एकजुटता, सांस्कृतिक अस्मिता और एक सुदृढ़ संगठन की नींव रखने का असाधारण कार्य किया, उनके जीवन ने असंख्य लोगों को प्रेरणा दी। उनके कुशल मार्गदर्शन व प्रेरणा से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का निर्माण हुआ जो विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है, तथा वर्तमान में अपनी स्थापना का शताब्दी वर्ष मना रहा है, संघ आज समाज मे राष्ट्रीय एकता, सुरक्षा, संस्कार व सेवा के लिए निरंतर कार्यरत है। इसी परंपरा का पालन गोलवलकर जी ने किया, उनके नेतृत्व ने राष्ट्रीय विचारधारा, संगठन कौशल और जीवन आदर्शों की नींव अधिक सुदृढ़ किया। प्रेरणा से साधारण कार्यकर्ता भी असाधारण कार्य कर महान व्यक्तित्व के रूप में वंदनीय हुए। उन्होंने हिन्दू समाज को एकजुट किया, विविध क्षेत्रों में कार्य करने हेतु विश्व हिन्दू परिषद सहित अन्य समविचारी संगठनों का निर्माण हुआ, । एक सशक्त, संगठित और एकात्म राष्ट्रीय समाज का निर्माण किया जा सके।


**जयपुर विकास प्राधिकरण**

**जयपुर की प्राईम लोकेशन जगतपुरा में**

**सेन्ट्रल स्पाईन योजना स्थित व्यावसायिक भूखण्ड एवं रामचन्द्रपुरा योजना स्थित संस्थानिक भूखण्ड**

**ई-नीलामी के माध्यम से खरीदने का सुनहरा अवसर**




| क्र. सं. | भूखण्ड संख्या | कॉर्नर हाँ/ना | साईज (वर्ग मीटर) | प्रकार | बी.ए.आर./एफ.ए.आर. अधिकतम ऊंचाई (मीटर) अधिकतम आच्छादित क्षेत्र | अमानत राशि (रुपये) | बोली प्रारम्भ करने की दर (प्रति व.मी.) | अमानत राशि जमा कराने की अंतिम तिथि व समय | नीलामी की अंतिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | व्यावसायिक प्लॉट नं. A/NC/16 To A/NC/22 & A/NC/23 To A/NC/30 (Corner) Central Spine(Block-A), Jaipur (Zone-9) | हाँ | 8570.11 | व्यावसायिक | नियमानुसार | 5,22,77,680 | 3,05,000 | 27.06.2025 11:00 AM | 30.06.2025 12:30 PM |
| 2 | व्यावसायिक प्लॉट नं. A/NC/1, A/NC/45 & A/NC/46 (Corner), Central Spine (Block-A), Jaipur (Zone-9) | हाँ | 2306.25 | व्यावसायिक | नियमानुसार | 1,45,29,380 | 3,15,000 | 01.07.2025 11:00 AM | 02.07.2025 12:30 PM |
| 3 | व्यावसायिक प्लॉट नं. BC/17/S-23, Central Spine (Block-B), Jaipur (Zone-9) | हाँ | 4985.19 | व्यावसायिक | नियमानुसार | 1,49,55,570 | 1,50,000 | 18.07.2025 11:00 AM | 21.07.2025 12:30 PM |
| 4 | संस्थानिक प्लॉट नं. 10A, Ramchandrapura Scheme, Jaipur (Zone-9) | ना | 1000.00 | संस्थानिक | नियमानुसार | 24,20,000 | 1,21,000 | 22.07.2025 11:00 AM | 23.07.2025 12:30 PM |

* अधिकतम ऊंचाई: एयरपोर्ट अथॉरिटी से प्राप्त एन.ओ.सी. के अनुसार, जो भी कम हो। बोली विस्तार: बोली लगाने का समय आगामी 5 मिनट के लिए और बढ़ाया जा सकता है (असीमित समय तक जब तक बोलियां लगातार प्राप्त होती रहें)। यदि इस विस्तारित अवधि के भीतर कोई बोली प्राप्त नहीं होती है, तो बोली स्वतः बंद हो जाएगी। अधिक जानकारी के लिए कृपया जविप्रा वेबसाइट: www.jda.rajasthan.gov.in पर लॉग ऑन करें या ई-नीलामी लिंक पर या ओएसडी (आरएम) से संपर्क करें (0141-2570678, 2569696 एक्स.-7021,7226, 1128, मोबाइल नंबर 9462569696)

नीलामी के नियम व शर्तो के लिए विजिट करें ज.वि.प्रा. की वेबसाईट www.jda.rajasthan.gov.in

Scan QR Code For More Details

अधिक जानकारी के लिए कॉल करें: +91-9462 569 696

इंदिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर-302004

राज. संवाद/सी/2025-26/4307